अंबाला हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेडिकल कैंप आयोजित

1246 का चेकअप हुआ

डॉक्टरों से बातचीत करतीं सोसायटी की अध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा।

रोगियों की जांच करते दंत विशेषज्ञ।

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। अंबाला हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी ने शनिवार को कैंट के एसडी विद्या पब्लिक स्कूल में मेगा हेल्थ चिकित्सा कैंप का आयोजित किया गया। कैंप में 1246 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गई। इस मौके पर सोसायटी की अध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिविर में विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन (मेंदाता-दी मैडिसिटी गुडगांव) के अलावा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेश चांदी, डॉ. मोनिका देसवाल, ब्रेस्ट कैंसर विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. कौशल सिंह, जिला स्वास्थ्य विभाग के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बंसल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. वीके बंसल, जरनल फिजीशियन डॉ. रोहित, डॉ. आरती, चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डॉ. राजिन्द, अंबाला के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ सत्री सिंह आहलूवालिया द्वारा मरीजों की जांच की गई।

25 महिलाओं की कराई मैमोग्राफी : कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने 70 महिलाओं का चेकअप किया। इनमें से 25 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई। इसी प्रकार नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 550 मरीजों की जांच की गई जिनमें से 310 को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा मोतियाबिंद से पीड़ित 62 लोगों को सिटी में निःशुल्क ऑपरेशन के लिए डेट दी गई। इसी प्रकार डॉ. आहलूवालिया ने 110 दंत रोगियों का चेकअप किया जिनमें से 25 लोगों के दांतों में फिलिंग की गई। शिविर में 90 लोगों की ईसीजी, 62 की ईको, 57 का हड्डियों का टैस्ट बीएमडी तथा 170 लोगों की शुगर की जांच की गई।

इस मौके पर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि सोसायटी का मकसद अंबाला तथा आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि सोसायटी का यह प्रयास रहता है कि ऐसे शिविरों में हार्ट कैंसर, न्यूरो, आर्थो, ईएनटी, स्किन जैसे रोगों से ग्रस्त लोगों की जांच करके इनका निःशुल्क उपचार किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे शहरों के सरकारी अस्पतालों में यह सुविधाएं कम उपलब्ध होती है तथा गरीब आदमी का बडे शहरों में इलाज के लिए जाना संभव नहीं होता। उन्होंने देश में बढ़ रहे कैंसर रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके बारे में लोगों को जागरूक करने की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि कैंसर के उपचार के लिए चण्डीगढ़, रोहतक, दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर सरकारी तथा निजी क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध है लेकिन समय रहते यदि रोग का पता न चले तो रोगी की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसी प्रकार उन्होंने एडस, हेपाटाइटिस-बी जैसे रोगों के प्रति भी लोगों को सचेत करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

डीसी ने जताई डायरिया पर चिंता : कैंप में उपायुक्त शेखर विद्यार्थी ने छावनी एरिया में फैले डायरिया पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यद्यपि प्रशासन द्वारा बीमारियों को रोकने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन ऐसे रोगों के बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है। सिविल सर्जन डॉ. सतीश अग्रवाल ने बताया कि उनके विभाग के कर्मचारी रोजाना नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पानी की जांच कर रहे हैं। इस अवसर पर सोसायटी के सदस्य बिमला बंसल, जगमोहन शर्मा, एसपी भनोट, सुशील शर्मा, राजीव शर्मा, सीपी अग्रवाल, कांग्रेसी नेता अरूण गर्ग, परमिन्द्र बबला, अजैब सिंह, टोनी सुल्लर, रविन्द्र गुप्ता, दीपक भोला, राजेश शर्मा, स्कूल प्रबंध समिति के चेयरमैन सुरेन्द्र जनेजा, संयुक्त सचिव आर.सी. शर्मा मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में स्कूल के अध्यापकों, बच्चों व सोसायटी के सदस्यों के इलावा पंडित शिव कुमार शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।

संस्था वहन करेगी खर्च

यह दलीपगढ़ (बब्याल) की रहने वाली 10 वर्षीय आरजू के लिए वरदान साबित हुआ। आरजू का पिता गोपाल प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड है। शनिवार को वह अपनी अपनी बेटी की जांच कराने के लिए कैंप में लाए। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि आरजू के दिल में छेद है और उस बच्ची का ऑपरेशन करना होगा। शिविर मे मौजूद सोसायटी की अध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा ने गोपाल से वादा किया कि उनकी सोसायटी पीजीआई से आरजू के दिल का ऑपरेशन करवाएगी।

कालका में हेल्थ शिविर आज : कालका के हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क हेल्थ कैंप रविवार को लगाया जाएगा। कैंप का उद्घाटन विधायक विनोद शर्मा करेंगे। इस कैंप में हृदय, दिमाग, ऑख, दांत, बच्चों व औरतों के ब्रेस्ट कैंसर की जांच अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉक्टर करेंगे।

वृद्ध आश्रम में लगी आग : अंबाला सिटी। बिजली के शार्ट सर्किट से वृद्ध आश्रम के कमरा नंबर 15 में शनिवार सुबह आग लग गई। जिस कारण कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। खासी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। दरअसल, सिटी मथुरा नगरी में [illegible]

बीकेयू नेता मदन पाल बसपा में शामिल